# <u>प्रेस नोट दिनांक-17.07.2025</u>

## थाना सैयदराजा जनपद चन्दौली

🔰 **थाना सैयदराजा पुलिस द्वारा 01 कार से 241.200 लीटर अवैध शराब की बरामदगी करते हुए एक शराब तस्कर को किया गया गिरफ्तार।**

🔰 **बरामद शराब की अनुमानित कीमत लगभग 2.50 लाख रूपयें।**

🔰 **कार का नम्बर प्लेट बदलकर किया जा रहा था शराब की तस्करी।**

**चन्दौली-** आदित्य लांग्हे, पुलिस अधीक्षक चन्दौली द्वारा शराब तस्करी पर प्रभावी रोकथाम व तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु दिये गये निर्देशों के अनुपालन के क्रम में अनंत चन्द्रशेखर (आई.पी.एस.), अपर पुलिस अधीक्षक सदर व देवेन्द्र कुमार क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण/मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक सैयदराजा विन्देश्वर प्रसाद पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में थाना सैयदराजा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर दिनांक 17.07.2025 को समय करीब 01.40 बजे एनएच 02 हाइवे पर स्थित ग्राम जेठमलपुर ओवरब्रीज के पास से चेकिंग के दौरान एक सफेद डस्टर कार (फर्जी नम्बर प्लेट UP64V3484) से अवैध देशी शराब 22 पेटी ब्लू लाइम (प्रत्येक में 45 पाऊच कुल 990 पाऊच प्रति पाऊच 200ML) तथा अवैध अग्रेजी शराब 08 पीएम 05 पेटी (प्रत्येक पेटी 48 पाऊच कुल 240 पाऊच प्रति पाउच 180ML) की बरामदगी करते हुए मौके से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। बरामद शराब की अनुमानित कीमत लगभग 2,50,000 लाख रुपये है। गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना सैयदराजा पर मु.अ.सं. 197/2025 धारा 60/63 उ0प्र0 उत्पाद शुल्क/आबकारी अधिनियम व 319(2)/318(4)BNS थाना सैयदराजा जनपद चन्दौली का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-**

कमलेश पासवान पुत्र बैरिस्टर पासवान निवासी- ग्राम अकोढी मोहनिया भभुआ बिहार।

**विवरण बरामदगी-**

1. अवैध देशी शराब 22 पेटी ब्लू लाइम (प्रत्येक में 45 पाऊच कुल 990 पाऊच प्रति पाऊच 200ML) तथा अवैध अग्रेजी शराब 08 पीएम कुल 05 पेटी प्रत्येक पेटी 48 पाऊच कुल 240 पाऊच प्रति पाउच 180ML) कुल 241.200 लीटर अवैध शराब।
2. एक सफेद डस्टर वाहन फर्जी नम्बर प्लेट UP 64 V 3484
3. 01 एन्ड्रायड मोबाइल फोन सैमसंग A55 व चिटबन्दी के 500 रूपये

**<u>गिरफ्तारी/बरामदगी  में शामिल पुलिस टीम-</u>**

प्रभारी निरीक्षक - विन्देश्वर प्रसाद पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक थाना सैयदराजा जनपद चन्दौली।

उप निरीक्षक विजय प्रताप सिंह जनपद चन्दौली।

हे0का0 जयप्रकाश सिंह थाना सैयदराजा जनपद चन्दौली।

का0 अनन्त राय  थाना सैयदराजा जनपद चन्दौली।